# मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

(मध्य प्रदेश शासन का उपक्रम)

74, अरेरा हिल्स, केन्द्रीय विद्यालय के पास भोपाल

E-mail id- **mdkvib@mp.gov.in**, दूरभाष 0755–2553448, मो. 94256 35915


क्र. / विपणन–14 / 266 / 2025–26 / 6339 भोपाल, दिनांक 20 .01.2026

## विज्ञप्ति

मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा उत्पादित किये जाने वाले खादी वस्त्रों के रेडीमेड गारमेंट्स (लेडीज, जेन्ट्स एवं किड्स) के डिजायन तैयार करवाए जाने के लिए प्रतिष्ठित एवं अनुभवी टेक्सटाईल डिजायनर तथा फैशन डिजायनर की सेवाएँ अनुबंध के आधार पर प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं । खादी वस्त्रों में टेक्सटाईल डिजायनर तथा फैशन डिजायनर कार्य हेतु पृथक–पृथक आवेदन मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, 74 अरेरा हिल्स, केन्द्रीय विद्यालय के पास, भोपाल को दिनांक 10.02.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक समक्ष में अथवा ई–मेल **khadimarketing@gmail.com** पर प्रस्तुत किये जा सकते हैं। आवेदन–पत्र एवं निविदा का विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट http://mpkhadigramodyog.com/ पर अवलोकन / डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रभारी अधिकारी
मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड
भोपाल

# मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

(मध्य प्रदेश शासन का उपक्रम)

74, अरेरा हिल्स, केन्द्रीय विद्यालय के पास भोपाल

**E-mail : mdkvib@mp.gov.in** दूरभाष 0755–2553448, मो.9425635915


## //खादी वस्त्रों के डिजाईन के लिए टेक्सटाईल डिजायनर एवं फैशन डिजायनर की सेवाएँ अनुबंध के आधार पर प्राप्त किये जाने हेतु निविदा के नियम एवं शर्तें//

(1) समस्त प्रकार के खादी वस्त्र (सूती, ऊनी, रेशमी खादी एवं पोली वस्त्र) से रेडीमेड गारमेंट्स के डिजायन कार्य के लिये टेक्सटाईल डिजायनर एवं फैशन डिजायनर हेतु आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप एवं शर्तें विभागीय वेबसाईट http://mpkhadigramodyog.com/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

(2) आवेदन फार्म दिनांक 20.01.2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 10.02.2026 दोपहर 02:00 बजे तक मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, 74, अरेरा हिल्स, (केंद्रीय विद्यालय क्रमांक–1 के पास) भोपाल–462011 से भी प्राप्त किये जा सकते हैं।

(3) निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, 74, अरेरा हिल्स, केन्द्रीय विद्यालय के सामने, भोपाल में दिनांक 10.02.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक जमा कराए जा सकते हैं अथवा **E-mail : khadimarketing@gmail.com** पर प्रेषित किए जा सकते हैं

(4) आवेदक को आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी एवं साक्षात्कार हेतु बुलाने के समय संबंधित समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति अवलोकन हेतु प्रस्तुत की जायेगी ।

(5) फैशन डिजायनर हेतु फैशन डिजायनिंग में बैचलर/मास्टर डिग्री होना आवश्यक है।

(6) टेक्सटाईल डिजायनर हेतु टेक्सटाईल डिजायनिंग में बैचलर/मास्टर डिग्री होना आवश्यक है।

(7) **NIFT/NID** अथवा इसके समकक्ष राष्ट्रीय स्तर के डिजायन संस्थान से डिग्रीधारी आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी ।

(8) खादी/हेण्डलूम/टेक्सटाईल क्षेत्र में डिजायनिंग एवं गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव आवश्यक है ।

(9) आवेदक को कम्प्यूटर पर कार्य (एम.एस.ऑफिस, फैशन/टेक्सटाइल डिजाइनिंग से संबंधित साफटवेयर संचालन) का ज्ञान होना आवश्यक है।

(10) टेक्सटाईल/फैशन डिजायनर को कार्य अनुभव, योग्यता अनुसार अधिकतम रूपये 65,000/– (अक्षरी राशि रूपये पैंसठ हजार मात्र) प्रतिमाह मानदेय का भुगतान किया जावेगा। नियमानुसार ईपीएफ अंशदान कटौत्रा किया जायेगा ।

(11) डिजायनर को मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वितीय श्रेणी अधिकारी के समकक्ष प्रवास सुविधा की पात्रता होगी।

(12) चयनित डिजायनर का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण मध्य प्रदेश होगा जिसका मुख्यालय म.प्र.खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, 74, अरेरा हिल्स भोपाल–462011 (मध्यप्रदेश) होगा।

(13) चयनित टेक्सटाईल/फैशन डिजायनर द्वारा प्रतिमाह किये गये कार्यों का प्रतिवेदन एवं प्रति सप्ताह की कार्य रिपोर्ट बोर्ड मुख्यालय में प्रस्तुत की जावेगी जिसके उपरांत ही मानदेय का भुगतान किया जावेगा।

(14) चयनित टेक्सटाईल/फैशन डिजायनर को प्रतिमाह न्यूनतम 10 दिवस बोर्ड के उत्पादन केन्द्रों एवं एम्पोरियमों का भ्रमण कर वर्तमान मार्केट में विक्रय एवं मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार कराए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाना होगी एवं प्रस्तुत कार्य योजना अनुसार कार्य सम्पादित किए जाने होंगे।

(15) टेक्सटाईल डिजायनर द्वारा विभागीय उत्पादन केन्द्रों का बोर्ड मुख्यालय के निर्देशानुसार, समय–समय पर भ्रमण किया जाकर खादी उत्पादन में गुणवत्ता सुधार हेतु यथा आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

(16) चयनित डिजायनर का कार्य समय मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के विभागीय केन्द्रीय खादी वस्त्रागार, भोपाल के कार्यालयीन समय के अनुरूप रहेगा।

(17) डिजायनर द्वारा खादी वस्त्रों की उत्पादन गुणवत्ता में सुधार एवं विक्रय में वृद्धि के लिये भी अपने सुझाव प्रस्तुत किये जावेंगे।

(18) डिजायनर द्वारा तैयार डिजायनों एवं किये जा रहे कार्यों का आंकलन/मूल्यांकन समय–समय पर खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा गठित समिति/प्रबंध संचालक द्वारा किया जा सकेगा।

(19) चयनित डिजायनर द्वारा कार्य सम्पादन हेतु निष्पादित अनुबंध की शर्तों का पालन करना होगा, अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में अनुबंध निरस्त करने संबंधी कार्यवाही की जा सकेगी।

(20) डिजायनर का चयन मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विज्ञप्ति के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के आधार पर तैयार पैनल में से चयन समिति द्वारा किया जाएगा । विभागीय आवश्यकता अनुसार एक से अधिक डिजायनरों के साथ अनुबंध निष्पादित किया जा सकेगा।

(21) चयनित टेक्सटाईल डिजायनर एवं फैशन डिजायनर का अनुबंध एक वर्ष के लिए किया जावेगा। कार्य परिणाम के आधार पर मूल्यांकन उपरांत कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अनुबंध में, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त शर्तों के साथ वृद्धि की जा सकेगी, जिसका अनुबंध पुनः निष्पादित किया जावेगा।

(22) डिजायनर की ओर से किन्हीं कारणों से अथवा विवाद की स्थिति में कारणों का उल्लेख करते हुए अनुबंध निरस्त करने संबंधी निवेदन 30 दिन पूर्व किया जा सकता है । अप्रत्याशित परिस्थितियों में कार्य छोड़ने पर बोर्ड द्वारा संचालित प्रोजेक्ट/कार्य में किसी प्रकार की हानि होने पर उसकी वसूली की जा सकेगी ।

(23) मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा उक्त अनुबंध पत्र किसी भी समय एवं किसी भी स्थिति में निरस्त करने का अधिकार प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड को होगा।

(24) विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

(25) किसी भी प्रकार के विवाद एवं विधिक स्थिति उत्पन्न होने पर न्यायालयीन क्षेत्र जिला भोपाल रहेगा।

अजीत प्रजापति
प्रभारी अधिकारी (विपणन)
मुख्यालय भोपाल

नीरज उइके
प्रभारी अधिकारी (जिका.)
मुख्यालय भोपाल

विजय धुर्वे
प्रभारी अधिकारी (लेखा)
मुख्यालय भोपाल

# मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

(मध्य प्रदेश शासन का उपक्रम)

74, अरेरा हिल्स, केन्द्रीय विद्यालय के पास भोपाल

E-mail id- khadimarketing@gmail.com mobile- 94256 35915

## टेक्सटाईल डिजायनर/फैशन डिजायनर अनुबंधित किये जाने हेतु आवेदन

(1) आवेदक का नाम .....................................................

(2) आवेदक के पिता/पति का नाम .....................................................

(3) आवेदक की जन्मतिथि .....................................................

(4) आवेदक की आयु (01 जनवरी, 2026 की स्थिति में).....................................................

(5) आवेदक का पूर्ण पता .....................................................

.....................................................

(6) आवेदक का मोबाईल नम्बर .....................................................

(7) आवेदक का आधार नम्बर .....................................................

(8) आवेदक की ई–मेल आई.डी. .....................................................

(9) आवेदक की शैक्षणिक योग्यता

| क्रं | योग्यता | बोर्ड/मण्डल/विश्वविद्यालय | प्राप्तांक | प्रतिशत | विशेष योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

(10) आवेदक की तकनीकी योग्यता

| क्रं | योग्यता का विवरण |
|---|---|
| | |
| | |
| | |

(11) आवेदक का कार्य अनुभव संबंधी विवरण

| क्रं | कार्य अनुभव का विवरण | |
|---|---|---|
| | विभाग/एजेन्सी का नाम | कार्य अवधि |
| | | |
| | | |

**::सत्यापन::**

उपरोक्तानुसार आवेदन में मेरे द्वारा दिया गया विवरण पूर्णतः सत्य है। किसी प्रकार की गलत/त्रुटिपूर्ण जानकारी मेरे द्वारा आवेदन में प्रदाय किये जाने पर मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।

हस्ताक्षर आवेदनकर्ता
नाम सहित

**संलग्न दस्तावेजः–**

(1) हाईस्कूल/हायर सेकण्ड्री अंक सूची की प्रमाणित प्रति।

(2) तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति।

(3) कार्य अनुभव संबंधी प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति।

(4) आधार कार्ड की छायाप्रति।

(5) अन्य (यदि कोई हो)